ASIAN UNIVERSITY RANKINGS ASIA 2025 : SOUTHERN ASIA

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में निःशुल्क टीकाकरण अभियान

## आख्या



प्रेरणा स्रोत
**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

### टीकाकरण

**दिनांक : 28 सितंबर 2024, 16 नवंबर 2024, 17 अप्रैल 2025, 20 मई 2025, 17 एवं 18 सितम्बर 2026, 17 दिसम्बर 2026, 17 एवं 18 अप्रैल 2026**

**तथा**

**सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण के सम्बन्ध में जागरूकता**



संरक्षक
**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर






**प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी**
प्रति कुलपति
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

**श्री राकेश कुमार मिश्र**
कुलसचिव
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

**सहयोगी:**

नेहरू पीजी कॉलेज छिबरामउ, कन्नौज | वी.एस.एस.डी. कालेज, कानपुर | सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन | Rotary रोटरी क्लब ऑफ कानपुर रोटरी क्लब ऑफ कानपुर नार्थ एवं रोटरी क्लब ऑफ कानपुर विराट | कैंसर पेशेंट्स एड एसोसिएशन | बैजनाथ ज्वैलर्स | विश्नोई क्लासेस प्राइवेट लिमिटेड | माँ शीतला देवी त्रिजुगी नारायण महिला महाविद्यालय | S.J. MAHAVIDYALAYA RAMAIPUR, KANPUR NAGAR | जिला स्वास्थ्य समिति, कानपुर | REGENCY HEALTH BHAROSE KA SPECIALIST

# दिनांक : 28 सितंबर 2024







# दिनांक : 28 सितंबर 2024



प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के 39वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर किशोरियों को एचपीवी के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ करते हुए कुलाधिपति, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हम मां, बहन और बेटी के रूप में महिलाओं का आदर करते हैं लेकिन जब बात उनके जीवन को जानलेवा सर्वाइकल कैंसर से बचाने की आती है तो उसकी जगह हम पैसों को बचाने को प्राथमिकता देते हैं। यह समाज और देश के साथ साथ अपने परिवार के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बेटियों के इलाज को लेकर उदासीनता है। भारत में सर्वाइकल कैंसर से हर सात मिनट में एक महिला मरती है। इनमें से ज़्यादातर मौतों को जागरूकता, एचपीवी टीकाकरण और शुरुआती पहचान से रोका जा सकता है।

राज्यपाल, कुलाधिपति की मौजूदगी में विश्वविद्यालय में 5 गांव की 97 बेटियों को सर्वाइकल कैंसर का मुफ्त टीका भी लगवाया गया। इन 5 गांवों- ईश्वरी गंज, होरा कछार, बरहट बांगर, गबड़हा और सुनौढ़ा को विश्वविद्यालय ने गोद लिया है। राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि जिन किशोरियों को टीका लगाया गया उन्हे 6 माह बाद विश्वविद्यालय दूसरी डोज भी लगवाए।

इस अवसर पर मा. अध्यक्ष, विधानसभा श्री सतीश महाना जी, मा. उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय जी, महापौर, कानपुर नगर श्रीमती प्रमिला पांडेय, मा. उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, विधायक, कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती नीलिमा कटियार, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, विश्व विद्यालय एवं जिला प्रशासन के अधिकारी गण तथा अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे।

टीकाकरण केजीएमयू लखनऊ की टीम द्वारा किया गया।

निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराने में नेहरू पी.जी. कॉलेज, छिबरामऊ तथा वी.एस.एस.डी कॉलेज, कानपुर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# दिनांक : 28 सितंबर 2024















# दिनांक : 16 नवंबर 2024




दिनांक 16 नवम्बर 2024 को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में निःशुल्क टीकाकरण अभियान छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं शुभासिनी शिवहरे फांउडेशन, रोटरी क्लब आफ कानपुर, रोटरी क्लब आफ कानपुर नार्थ, रोटरी क्लब आफ कानपुर शौर्य, रोटरी क्लब आफ कानपुर विराट, कैंसर पैशेन्ट्स एंड एसोसिएशन के संयुक्त तात्वाधान में विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मा. कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक जी, श्री शुब्रो सेन, सचिव, सेन ग्रुप, सुश्री रिचा महेश्वरी, सुभासिनी शिवहरे फांउडेशन, श्री अंकुर अंशवानी, रोटरी क्लब आफ कानपुर गौरव, रो. उल्लास वाही, अध्यक्ष, रोटरी क्लब आफ कानपुर शौर्य, श्री भूपेश कुमार, रोटरी क्लब आफ कानपुर शौर्य, विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवीन कटियार, डॉ. मानस उपाध्याय, डॉ. पुष्पा ममोरिया, डॉ. स्नेह पांडेय तथा डॉ. पंकज द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ।
रोटरी क्लब आफ कानपुर शौर्य के श्री भूपेश कुमार जी ने सभी का स्वागत किया तथा कानपुर District 3110 के रोटरी क्लबों द्वारा सर्वाइकल कैंसर के निःशुल्क टीकाकरण के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि आज तीन स्थानों पर टीकाकरण किया गया-

1. उषा पापुलर शिक्षा संस्थान, तहसील- नर्वल
2. डॉ. एस.एन. सेन ग्लोबल पब्लिक स्कूल, माल रोड
3. स्वास्थ्य केन्द्र, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर।

मा. कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक जी ने कहा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण के लिये सामाजिक संस्थाओ को आगे आना चाहिये। सुभासिनी शिवहरे फांउडेशन, कानपुर डिस्ट्रिक्ट के रोटरी क्लब आफ कानपुर, नार्थ, शौर्य एवं विराट का यह प्रयास सराहनीय है।
वैक्सीनेशन हेतु टीम कैंसर पैशेन्ट्स एड एसोसिएशन, मुंबई द्वारा भेजी गयी थी। इसी टीम ने बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया। स्वास्थ्य केन्द्र में कुल 74 बालिकाओं का वैक्सीनेशन निःशुल्क हुआ। वैक्सीनेशन कराने वालों में ग्राम गबड़हा, चौबेपुर ब्लाक, ग्राम ईश्वरीगंज, कल्यानपुर ब्लाक, कानपुर नगर के आम नागरिकों की किशोरियाँ सम्मिलित थी।
इस अवसर पर रोटरी क्लब के रो. सुशील चक, रो. निशांत बढ़ेरा, सुश्री रिचा महेश्वरी, सुश्री संध्या कुमार, श्री आयुष गुप्ता, श्री अंकुर अंशवानी, श्री ज्वाय निगम आदि एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# दिनांक : 16 नवंबर 2024







# दिनांक : 17 अप्रैल 2025



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 17 अप्रैल को निशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

विश्व विद्यालय द्वारा किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण अभियान का प्रारंभ उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा दिनांक 28 सितंबर 2024 को किया गया था। तत्पश्चात दिनांक 16 नवंबर को निशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। तीसरे निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. सुधीर कुमार अवस्थी, मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक एवं एनएसएस यूनिट 05 के कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवीन कटियार द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर प्रति कुलपति डॉ. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि विश्वविद्यालय समाज को स्वस्थ रखने के अपने प्रयासों के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से कर रहा है। विश्वविद्यालय आगे भी इस अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन करता रहेगा।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक ने किशोरियों एवं उनकी माताओं को सर्वाइकल कैंसर के कारणों एवं उससे बचाव के उपाय बताए। उन्होंने गांव के स्कूल की किशोरियों से सर्वाइकल कैंसर एवं टीकाकरण के संबंध में प्रश्न भी पूंछे।

61 किशोरियों को अंतिम डोज एवं 15 किशोरियों को प्रथम डोज लगाया गया।

टीकाकरण हेतु ग्राम होरा कछार, ईश्वरीगंज, टिक्कन पुरवा, बरहट बांगर, सुनौढ़ा, गबड़हा, खड़गपुर, बलदेव पुरवा, पिपरी, बरूआ खुर्द, राजाराम पुर, घनश्यामपुर, बाल्हीपुर एवं उदेतपुर की किशोरियां आईं।

जीएसवीएम मेडिकल कालेज कानपुर की टीम द्वारा किशोरियों को टीका लगाया गया। इस टीम में श्रीमती प्रीता एवं सीता थीं।

कार्यक्रम के संयोजन में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की पंचम इकाई द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। पंचम यूनिट के स्वयं सेवकों- कुलदीप, नीरज, श्वेता, कशिश, अंकित, अनुराग, हर्षित, मनीष, उत्कर्ष, भक्ति आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

वैक्सीन की आपूर्ति हेतु नेहरू पी जी कॉलेज, छिबरामऊ, कन्नौज एवं वी एसएसडी कॉलेज, कानपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र की नर्स श्रीमती उषा, श्री अनुराग मिश्रा, श्री सुशील दिवाकर एवं श्री सचिन ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# दिनांक : 17 अप्रैल 2025















# दिनांक : 20 मई 2025



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 20 मई 2025 को निशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में विश्वविद्यालय, सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ कानपुर, रोटरी क्लब ऑफ कानपुर नॉर्थ एवं रोटरी क्लब ऑफ कानपुर विराट के संयुक्त तत्वाधन में किया गया।

ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय द्वारा किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण अभियान का प्रारंभ उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा दिनांक 28 सितंबर 2024 को किया गया था। तत्पश्चात दिनांक 16 नवंबर 2024 एवं 17 अप्रैल 2025 को निशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। चौथे निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक द्वारा किया गया। टीकाकरण हेतु ग्राम ईश्वरीगंज, गबड़हा, एवं फत्तेपुर तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों की किशोरियां टीकाकरण हेतु आईं।

टीकाकरण में 16 नवंबर 2024 को वैक्सीन का प्रथम डोज प्राप्त करने वाली 44 किशोरियों को द्वितीय डोज तथा 06 किशोरियों को प्रथम डोज लगाया गया।

इस अवसर पर रोटरी के प्रोग्राम चेयरमैन एमपीएचएफ रोटेरियन अनुराग जैन एवं रोटेरियन अपर्णा जैन, रोटेरियन सुभाषिनी खन्ना, रोटरी क्लब कानपुर – अध्यक्ष रोटेरियन राजीव अग्रवाल, सचिव रोटेरियन दीपक अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ कानपुर नॉर्थ – अध्यक्ष रोटेरियन निशांत वडेरा, सचिव रोटेरियन क्षितिज अग्रवाल,मयंक गुप्ता, रोटरी क्लब ऑफ कानपुर विराट – अध्यक्ष रोटेरियन अमित झा, सचिव रोटेरियन संजय टंडन का सक्रिय सहयोग रहा ।

कार्यक्रम के संयोजन में विद्यार्थी नीरज, मेहा, श्वेता, कशिश, अनुराग, हार्दिक, आयुष, , उत्कर्ष, भक्ति, कृतिका, दिव्यांशी, तान्या, श्रेयसी आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र की नर्स श्रीमती उषा, श्री अनुराग मिश्रा, एवं श्री सचिन ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर डा. प्रवीन कटियार, डॉ. मानस उपाध्याय एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# दिनांक : 20 मई 2025







# दिनांक : 09 सितम्बर - 11 सितम्बर 2025

## विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन लगवाने के सम्बन्ध में विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम

विश्वविद्यालय, ४०वे दीक्षांत समारोह के अवसर पर माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निशुल्क टीकाकरण महा अभियान दिनांक 17 एवं 18 सितम्बर को विश्वविद्यालय के स्वस्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया था। इस टीकाकरण अभियान में किशोरियों एवं उनके परिजनों को टीकाकरण के सम्बन्ध में जागरूक बनाने तथा उन्हें सर्वाइकल कैंसर के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए विश्वविद्यालय के महिला शिक्षक 21 विद्यालयों में गये और वहां शिक्षकों, किशोरियों एवं उनके परिजनों को सर्वाइकल कैंसर तथा उससे बचने हेतु टीककरण के लिए जागरूक किया।



E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com
☎: 0512-2246609
☎: 0512-2582251

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)


Ref. No.: CSJMU/R.Camp/942/2025 Date: 04.09.25

**कार्यालय–ज्ञाप**

एतद्द्वारा आदेशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के 40वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 300 किशोरियों का निःशुल्क टीकाकरण किया जाना है। इस हेतु निम्नविवरणानुसार विश्वविद्यालय के शिक्षकों को दिनांक 08 सितम्बर 2025 से 13 सितम्बर 2025 के मध्य विद्यालयों में जाकर किशोरियों एवं उनके माता–पिता को सर्वाइकल कैंसर को रोकने हेतु टीका लगवाने के संबंध में जानकारी देना है एवं संबंधित किशोरी के माता–पिता/अभिभावक से इस आशय का सहमति पत्र प्राप्त करना है तथा दिनांक 14 सितम्बर 2025 तक संबंधित शिक्षक द्वारा संपूर्ण विवरण विश्वविद्यालय में दिया जाना है:

| क्र.सं. | स्कूल का नाम | सर्वाइकल कैंसर के लिये जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय के शिक्षक का नाम |
|---|---|---|
| 1. | परमहंस बाबा राम मंगलदास कन्या विद्यामन्दिर इण्टर कॉलेज/ सम्पर्क सूत्र– श्री संजीव पाली, 7905423289 | डा0 अनुराधा कालानी स्कूल आफ लाइफ साइंसेस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (8081223350) |
| 2. | कैलाश सरस्वती इण्टर कॉलेज, कल्यानपुर सम्पर्क सूत्र– श्री पी0सी0 अग्निहोत्री, 8736971108 | डा0 रंजना गौतम स्कूल आफ लाइफ साइंसेस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (9452247701) |
| 3. | भजनलाल स्वंतत्रता सेनानी इण्टर कॉलेज गबड़हा/ सम्पर्क सूत्र– श्रीमती रचना, 9140967300 | डा0 द्रोपती यादव स्कूल आफ बेसिक साइंस (9305345442) |
| 4. | मार्डन एरा स्कूल, आवास विकास नं0 3, कल्यानपुर, कानपुर सम्पर्क सूत्र– डा0 आर0पी0 शर्मा, 9839074338 | डा0 अनुराधा कालानी स्कूल आफ लाइफ साइंसेस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (8081223350) डा0 ममता तिवारी स्कूल आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (9369847407) |
| 5. (A) | मंधना–1 कम्पोजिट सम्पर्क सूत्र– सुश्री शर्मिला अवस्थी, 8935023535 | डा0 ममता तिवारी स्कूल आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस (9456517836) सुश्री खुशबू अंजुम स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस (9554788877) |
| (B) | मंधना–2, कम्पोजिट सम्पर्क सूत्र– श्री उमर झा, 9670943244 | |
| 6. (A) | होराबांगर सम्पर्क सूत्र– निर्मला तिवारी, 9839427769 | डा0 एकता खरे स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (8795651906) सुश्री अस्मिता मिश्रा स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस (7523058850) |
| (B) | कुरसौली कंपोजिट सम्पर्क सूत्र–सुश्री अल्का रानी, 7880340832 | |

1




E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com
☎: 0512-2246609
☎: 0512-2582251

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

| | | |
|---|---|---|
| 7. (A) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, होरा कछार सम्पर्क सूत्र– श्रीमती रमाकांती, 9793050078 | सुश्री रेशू यादव स्कूल आफ हेल्थ सांइसेस (7453878410) सुश्री अन्नू वर्मा स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस (7983267055) |
| (B) | रामनगर कंपोजिट सम्पर्क सूत्र– श्री रजत मसूद, 9450120033 | |
| 8. (A) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, कटरी, शंकरपुर सम्पर्क सूत्र– श्री क्यूदोस खान, 8009853020 | सुश्री यशवी गुप्ता स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस (9336529553) डॉ0 नेहा शुक्ला स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस, (7985159439) |
| (B) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, लुधवाखेड़ा सम्पर्क सूत्र– मो0 अफताब आलम, 9450126083 | |
| 9. (A) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, ख्योरा कटरी सम्पर्क सूत्र– श्री आशीष त्रिपाठी, 9918445370 | सुश्री खुशबू अंजुम स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस (9554788877) |
| (B) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, प्रतापपुर हरी सम्पर्क सूत्र– सुश्री दीप्ति शाक्य, 9451993897 | सुश्री अन्नू वर्मा स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस, (7983267055) |
| 10.(A) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, ईश्वरीगंज कछार, सम्पर्क सूत्र– श्रीमती निधि दीक्षित, 962138100 | डा0 एकता खरे स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (8795651906) सुश्री अस्मिता मिश्रा स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस (7523058850) |
| (B) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, सिंहपुर कछार सम्पर्क सूत्र– श्रीमती किरन, 9450153062 | |
| 11. (A) | रमेल नगर कंपोजिट सम्पर्क सूत्र– सुश्री अकबरी बेगम, 7887040786 | सुश्री रेशू यादव स्कूल आफ हेल्थ सांइसेस (7453878410) सुश्री अन्नू वर्मा स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस (7983267055) |
| (B) | मोहम्मदपुर कंपोजिट सम्पर्क सूत्र– सुश्री प्रतिमा सिंह, 8127182093 | |
| 12.(A) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, बिठूर सम्पर्क सूत्र– सुश्री बीना, 9936655801 | सुश्री यशवी गुप्ता स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस (9336529553) डॉ0 नेहा शुक्ला, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस, (7985159439) |
| (B) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, हृदयपुर सम्पर्क सूत्र– सुश्री संगीता, 8127702857 | |
| 13.(A) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, हींगूपुर सम्पर्क सूत्र– सीमा शर्मा, 9918158397 | डॉ0 रंजना गौतम, स्कूल आफ लाइफ साइंसेस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी (9452247701) डॉ0 ममता तिवारी, स्कूल आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस (9456517836) |
| (B) | रमेल नगर– कंपोजिट सम्पर्क सूत्र– अकबरी बेगम, 7887040786 | |
| 14.(A) | हिन्दुपुर कछार– कंपोजिट सम्पर्क सूत्र– श्रीमती साधना कनौजिया, 9919271139 | सुश्री अस्मिता मिश्रा, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस, (7523058850) सुश्री रेशू यादव, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस (7453878410) |
| (B) | उच्चतर प्राथमिक स्कूल, गंभीरपुर कछार सम्पर्क सूत्र– श्रीमती रेनू वर्मा, 9452055993 | |

2



E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com
☎: 0512-2246609
☎: 0512-2582251

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

| | | |
|---|---|---|
| 15. | टिक्कनपुरवा कंपोजिट सम्पर्क सूत्र– सुश्री गायत्री, 9450488143 | डा0 ममता तिवारी स्कूल आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (9369847407) |

ग्रामवार विद्यालयों एवं उनसे संबंधित शिक्षकों का विवरण संलग्न है। सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध वैक्सीनेशन में समस्त समन्वय डा0 प्रवीन कटियार (9415132492) द्वारा प्रदान किया जायेगा। विद्यालय जाने वाले दिन में शिक्षक की निर्धारित कक्षायें संबंधित शिक्षक द्वारा विद्यालय जाने वाले दिन से पहले या बाद में लेना सुनिश्चित किया जायेगा।

**संलग्नक**– उपरोक्तानुसार

(राकेश कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, कुलपति। मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
4. समस्त डीन/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सी0एस0जे0एम0 वि0वि0, कानपुर।
5. संबंधित शिक्षकगण।
6. खण्ड शिक्षा अधिकारी, कल्यानपुर, कानपुर नगर।

कुलसचिव

3











# दिनांक : 09 सितम्बर - 11 सितम्बर 2025

## विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन लगवाने के सम्बन्ध में विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 09 सितंबर, दिन मंगलवार को परमहंस राममंगल दास के वी एम इंटर कॉलेज सवायजपुर, कानपुर नगर में विद्यालय के संस्थापक परमपूज्य श्री महाराज जी की पूर्व ईच्छा के निमित्त महिला चिकित्सकों द्वारा सर्वाइकल कैंसर के बचाव हेतु एचपीवी वेक्सीन के बारे में जागरूकता/परामर्श तथा वैक्सीनेशन के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के सहयोग से किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं तथा महिला अभिभावको ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महिला अभिभावकों ने भी वेक्सीन के बारे में जानकारी प्राप्त की। टीकाकरण के लिए लगभग 100 छात्राओं ने पंजीकरण कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक, सचिव, नीमा ने बच्चों को सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में Dean Project डॉ. अनुराधा कालानी ने भी बेटियों को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक किया और उन्हें वैक्सीन के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे वैक्सीन इस बीमारी से बचाव में मदद कर सकती है? इस अवसर पर श्रीमती मयूरी सिंह ने छात्राओं को प्रश्न उत्तर के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी के बारे में जागरूक किया जिनका टीकाकरण कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक जी के सहयोग से विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिनांक 17 सितंबर को कराया जाएगा।

महिला चिकित्सक में वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक, सचिव, नीमा, डॉ. अंजू मिश्रा एवं डॉ. संगीता मिश्रा आदि ने अभिभावकों को परामर्श दिया। अंत में प्रधानाचार्य श्री संजीव द्विवेदी ने सभी चिकित्सकों तथा अभिभावकों का आभार प्रकट किया। इसके अतिरिक्त भजनलाल स्वतंत्रता सेनानी इंटर कॉलेज, गबड़हा में डॉ. द्रोपती यादव, उच्चतर प्राथमिक स्कूल, होरा कछार एवं रामनगर कंपोजिट विद्यालय में सुश्री यादव एवं सुश्री अनु वर्मा, उच्चतर प्राथमिक स्कूल लुधवाखेड़ा में डॉ. नेहा शुक्ला एवं उच्चतर प्राथमिक स्कूल सिंहपुर कछार में डॉ. एकता खरे एवं सुश्री अस्मिता शर्मा ने भी छात्राओं को वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की|





# दिनांक : 09 सितम्बर - 11 सितम्बर 2025

## विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन लगवाने के सम्बन्ध में विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम


दिनांक 10 सितम्बर को डॉ. अनुराधा कालानी एवं डॉ. ममता तिवारी ने मॉडर्न एरा स्कूल में, सुश्री खुशबू अंजुम ने मंधना कम्पोजिट 2 में, डॉ. एकता खरे एवं डॉ. अस्मिता मिश्रा ने होरा बांगर एवं कुरसौली कम्पोजिट में, डॉ. रंजना गौतम एवं डॉ. ममता तिवारी ने उच्चतर प्राथमिक स्कूल, हींगूपुर एवं रमेल नगर कम्पोजिट विद्यालय में किशोरियों को जागरूक किया। दिनांक 11 सितम्बर को डॉ. ममता तिवारी ने टिक्कन पुरवा कम्पोजिट स्कूल तथा डॉ. रंजना गौतम ने कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर तथा टीककरण के सम्बन्ध में सभी को जागरूक किया.









# दिनांक : 17 सितम्बर 2025 एवं 18 सितम्बर 2025

## विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में निःशुल्क टीकाकरण महाअभियान में हुआ 352 किशोरियों का टीकाकरण

मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन से 40वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण महाभियान दिनांक 17 एवं 18 सितम्बर को आयोजित किया गया। दिनांक 17 सितम्बर 2025 को 150 किशोरियों को टीकाकरण एवं दिनांक 18 सितम्बर 2025 को 202 किशोरियों को टीका लगाया गया। इस महाभियान में कुल 352 किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया गया।

17 सितम्बर 2025 को परमहंस राम मंगल दास विद्या इंटर कॉलेज, सवाईपुर, भजन लाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर कॉलेज, गबड़हा, चौबेपुर एवं मंधना कम्पोज़िट -01 की किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया गया।

18 सितम्बर को मंधना-2 कम्पोज़िट, होरा बाँगर विद्यालय, कुरसौली कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक विद्यालय, गम्भीरपुर कछार, राम नगर कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कटरी, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, लुधवाखेड़ा, उच्च प्राथमिक विद्यालय, हींगूपुर एवं टिक्कन पुरवा कम्पोज़िट विद्यालय की किशोरियों को टीका लगाया गया।

वैक्सीन उपलब्ध कराने में रोटरी क्लब ऑफ़ कानपुर, रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड, नेहरू कॉलेज, छिबरामऊ, कन्नौज , विश्नोई क्लासेज प्राइवेट लिमिटेड, एवं बैजनाथ ज्वैलर्स का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, एवं कानपुर पीडियाट्रिक एसोसिएशन की टीम द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. अनुराधा कालानी, डॉ. द्रोपती यादव, डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. एकता खरे, डॉ. ममता तिवारी, सुश्री खुशबू अंजुम, सुश्री अस्मिता मिश्रा, सुश्री रेशू यादव , सुश्री अन्नू वर्मा, डॉ. रंजना गौतम, डॉ. ममता तिवारी, फार्मेसी एवं स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ का महत्व पूर्ण सहयोग अभियान के संयोजन में रहा। टीकाकरण अभियान हेतु समन्वय डा. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया।









# दिनांक : 17 दिसंबर 2025

## विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में निःशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत हुआ 112 किशोरियों का टीकाकरण

दिनांक 17 दिसंबर 2025 को मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की 95 किशोरियों को द्वितीय डोज एवं 17 किशोरियों को एचपीवी टीके का प्रथम डोज लगाया गया। 17 दिसंबर 2025 को परमहंस राम मंगलदास विद्या इंटर कालेज, सवाईपुर, भजनलाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इण्टर कॉलेज, गबड़हा, चौबेपुर, मंधना 1 कम्पोज़िट विद्यालय, संविलायन विद्यालय, होरा बाँगर, राम नगर कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक विद्यालय, लुधवाखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय, बरहट बांगर, आदि विद्यालय की किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कानपुर की वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य एवं सचिव, नीमा , उ. प्र.( वीमेन फोरम) डा. वंदना पाठक, डॉ. अंजू मिश्रा, डॉ. संगीता मिश्रा , डा. प्रवीन कटियार, डा. मुदित वर्मा, डॉ. अनुराधा कालानी एवं अन्य शिक्षक गण द्वारा दीप प्रज्जवलन द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि डा. वंदना पाठक ने किशोरियों का उत्साह वर्धन किया एवं उन्हें एच पी वी टीके के लाभ से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. अंजू मिश्रा, डॉ संगीता मिश्रा, डा. मुदित वर्मा एवं डॉ. अनुराधा कालानी द्वारा विचार व्यक्त किये गए। भजनलाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इण्टर कॉलेज, गबड़हा, चौबेपुर, की प्रधानाचार्या श्रीमती रचना कटियार द्वारा विश्वविद्यालय के इस टीकाकरण अभियान की भूरि भूरि प्रसंशा की गयी।

वैक्सीन उपलब्ध कराने में रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड, एस.जे. महाविद्यालय, रमईपुर, कानपुर एवं माँ शीतला देवी त्रिजुगी नारायण महिला महाविद्यालय का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. अनुराधा कालानी, डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. चन्द्रशेखर कुमार, श्रीमती मयूरी सिंह, श्री दया शंकर रस्तोगी, श्री संतोष, सुश्री रेशू यादव, श्री पंकज आदि उपस्थिति थे। टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ का महत्व पूर्ण सहयोग रहा। टीकाकरण अभियान हेतु समन्वय डा. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया।



# 17 दिसंबर 2025







# दिनांक : 17 अप्रैल 2026

## विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में नि:शुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत हुआ 130 किशोरियों का टीकाकरण




दिनांक 17 अप्रैल 2026 को मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 127 किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज तथा 03 किशोरियों को वैक्सीन का प्रथम डोज़ लगाया गया |

17 अप्रैल 2026 को परमहंस राम मंगलदास विद्या इंटर कालेज, सवाईपुर, राम नगर कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक स्कूल, लुधवाखेड़ा, उच्च प्राथमिक स्कूल, हिंगूपुर, एवं टिक्कनपुरवा कम्पोज़िट, विद्यालय की किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, कानपुर की वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य एवं सचिव, नीमा , उ. प्र.( वीमेन फोरम) डा. वंदना पाठक, डॉ. अंजू मिश्रा, डॉ. संगीता मिश्रा, डा. प्रवीन कटियार, डा. मुनीश रस्तोगी एवं डा. मुदित वर्मा, अन्य शिक्षक गण द्वारा दीप प्रज्जवलन द्वारा हुआ। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, ने किशोरियों का उत्साह वर्धन किया। टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. अनुराधा कालानी, डॉ. दिग्विजय शर्मा , श्रीमती मयूरी, डॉ. मोहित कुमार, सुश्री अस्मिता मिश्रा सुश्री रेशु यादव एवं डॉ. अनुराग मिश्रा आदि उपस्थिति थे। टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ श्रीमती ऊषा आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

टीकाकरण अभियान हेतु समन्वय डा. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में वालंटियर मनीष, कृतिका, मानसी, कुमुद, सागर, प्रतीक पटेल, प्रतीक मौर्या, तान्या, हर्षित गंगवार, अदनान आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।


छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्याल
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय)
FOOD POISONING
PREVENTION
SYMPTOMS
TREATMENT
एचपीवी से लड़कियों और लड़कों दोनों को कैंसर का खतरा है
प्रो. विनय कुमार पाठक






छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
I GOT MY HPV VACCINE TODAY
I'm happy to be inside the Circle of Protection

# दिनांक : 18 अप्रैल 2026

## विश्वविद्यालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों में निःशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत हुआ 79 किशोरियों का टीकाकरण।



दिनांक 18 अप्रैल 2026 को मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 79 किशोरियों को अंतिम डोज लगाया गया |

18 अप्रैल 2026 को मंधना 1 कम्पोज़िट, मंधना 2 कम्पोज़िट, होराबांगर, कुरसौली कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक विद्यालय , कटरी, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, गंभीरपुर कछार, एवं भजनलाल स्वतन्त्रा संग्राम इंटर कॉलेज, गबड़हा एवं अन्य स्थानों की किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज़ निशुल्क लगाया गया।
टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया।
टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ - नर्स श्रीमती उषा एवं डा अनुराग मिश्रा का महत्वपूर्ण पूर्ण सहयोग रहा।
टीकाकरण अभियान हेतु समन्वय डा. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में वालंटियर मनीष, कृतिका, मानसी, कुमुद, सागर, प्रतीक पटेल, प्रतीक मौर्या, तान्या, हर्षित गंगवार, अदनान, मानमेंद्र आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



शुक्रवार | मनोरोग काउंसलर | डॉ. प्रियंका शुक्ला | पूर्वाह्न 11:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक
शनिवार | हड्डी एवं जोड़ रोग | डा. राहुल कपूर | मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक
होम्योपैथी | डा. दिनकर पाण्डया | अपराह्न 01:00 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक
प्रतिदिन | योगिक चिकित्सा | डॉ. राम किशोर | पूर्वाह्न 11:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक
सम्पर्क सूत्र : 9696461811, 8840429448, 9369601495






# न्यूज़ पेपर क्लिप्स

19 अप्रैल 2026

## कानपुर सिटी

कानपुर | रविवार • 19.04.2026 04
amarujala.com/kanpur
अमर उजाला my city

### 79 किशोरियों को लगाया टीका



सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगवाती छात्रा। स्रोत: संस्था

कानपुर। सीएसजेएमयू की ओर से चलाए जा रहे निशुल्क टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को 79 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का अंतिम डोज लगाया गया। यह अभियान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से चल रहा है। इसके तहत मंधना, कुरसौली, कटरी, गंभीरपुर कछार व गबड़हा समेत विभिन्न क्षेत्रों में टीकाकरण किया गया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीम ने किशोरियों को टीके लगाए। इसमें डॉ. अनुराग मिश्रा और स्वास्थ्य केंद्र की नर्स उषा ने सहयोग किया। समन्वय डॉ. प्रवीन कटियार ने किया। (संवाद)

## अमृत विचार

कानपुर, रविवार,19 अप्रैल 2026
कानपुर महानगर
VIII www.amritvichar.com

### 79 किशोरियों का टीकाकरण किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



किशोरियों को टीका लगाया गया। अमृत विचार

अमृत विचार। सीएसजेएमयू की ओर से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण अभियान के तहत 79 किशोरियों को अंतिम डोज लगाया गया। यह अभियान शनिवार को मंधना 1 कम्पोजिट, मंधना 2 कम्पोजिट, होराबांगर, कुरसौली कम्पोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय , कटरी, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, गंभीरपुर कछार में चला। इसी तरह अभियान के तहत भजनलाल स्वतंत्र संग्राम इंटर कॉलेज, गबड़हा एवं अन्य स्थानों की किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज निशुल्क लगाया गया। टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया। टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ नर्स उषा एवं डा अनुराग मिश्रा का सहयोग रहा। अभियान का समन्वय डॉ. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया। वालंटियर मनीष, कृतिका, मानसी, कुमुद, सागर, प्रतीक पटेल, प्रतीक मौर्या, तान्या, हर्षित गंगवार, अदनान, मानमेंद्र शामिल रहे।

## RIO NEWS 24





### कानपुर विश्वविद्यालय : निःशुल्क टीकाकरण अभियान में 79 किशोरियों का टीकाकरण

rionews24 April 18, 2026 समाचार, स्थानीय

Facebook Twitter Stumbleupon LinkedIn Pinterest

कानपुर नगर। सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत आज 79 किशोरियों को अंतिम डोज लगाया गया।

आज मंधना 1 कम्पोज़िट, मंधना 2 कम्पोज़िट, होराबांगर, कुरसौली कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक विद्यालय , कटरी, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, गंभीरपुर कछार, एवं भजनलाल स्वतन्त्रता संग्राम इंटर कॉलेज, गबड़हा एवं अन्य स्थानों की किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज़ निशुल्क लगाया गया।टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया।

टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ नर्स उषा एवं डॉ. अनुराग मिश्रा का सहयोग रहा। टीकाकरण अभियान हेतु समन्वय डॉ. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में वालंटियर मनीष, कृतिका, मानसी, कुमुद, सागर, प्रतीक पटेल, प्रतीक मौर्या, तान्या, हर्षित गंगवार, अदनान, मानवेंद्र सम्मिलित रहे।

RELATED ARTICLES



राम मंदिर दानपात्र गबन मामले में बड़ी कार्रवाई की तैयारी, एसआईटी की 140 पन्नों की रिपोर्ट तैयार

3 days ago

## आज महानगर

कानपुर, 19 अप्रैल 2026 13
आज महानगर

### 79 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किया गया टीकाकरण

कानपुर, 18 अप्रैल। शनिवार को सीएसजेएम यूनिवर्सिटी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 79 किशोरियों को निशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत किशोरियों को अंतिम डोज लगायी गई। आज मंधना, कम्पोजिट, मंधना कम्पोडिट, होराबांगर, कुरसौली कम्पोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय , कटरी, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, गंभीरपुर कछार, एवं भजनलाल स्वतन्त्र संग्राम इंटर कॉलेज, गबड़हा एवं अन्य स्थानों की किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज निशुल्क लगाया गया।

## दैनिक नगर संवाद

19 अप्रैल, रविवार 2026
दैनिक नगर संवाद हम बनेंगे, आपकी आवाज 3

### नि:शुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत हुआ 79 किशोरियों का टीकाकरण



वेद गुप्ता

कानपुर (नगर संवाद) ।शनिवार को कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण अभियान के अंतर्गत आज 79 किशोरियों को अंतिम डोज लगाया गया। आज मंधना 1 कम्पोजिट, मंधना 2 कम्पोजिट, होराबांगर, कुरसौली कम्पोजिट, उच्च प्राथमिक विद्यालय , कटरी, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, गंभीरपुर कछार, एवं भजनलाल स्वतन्त्रा संग्राम इंटर कॉलेज, गबड़हा एवं अन्य स्थानों की किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज निशुल्क लगाया गया। टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया। टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ - नर्स श्रीमती उषा एवं डा अनुराग मिश्रा का महत्वपूर्ण पूर्ण सहयोग रहा। टीकाकरण अभियान हेतु समन्वय डॉ. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में वालंटियर मनीष, कृतिका, मानसी, कुमुद, सागर, प्रतीक पटेल, प्रतीक मौर्या, तान्या, हर्षित गंगवार, अदनान, मानमेंद्र आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## 09 जुलाई 2026 को 41वें दीक्षान्त समारोह के अवसर
## निःशुल्क टीकाकरण की तैयारी





# विश्वविद्यालय द्वारा 28 सितम्बर 2024 से 18 अप्रैल 2026 तक हुए नि:शुल्क टीकाकरण का विवरण



| क्रम संख्या | दिनांक | प्रथम डोज | द्वितीय डोज |
|---|---|---|---|
| 01 | 28 सितंबर 2024 | 97 | - |
| 02 | 16 नवंबर 2024 | 74 | - |
| 03 | 17 अप्रैल 2025 | 15 | 61 |
| 04 | 20 मई 2025 | 06 | 44 |
| 05 | 17 सितम्बर 2025 | 150 | - |
| 06 | 18 सितम्बर 2025 | 202 | - |
| 07 | 17 दिसम्बर 2025 | 17 | 95 |
| 08 | 17 अप्रैल 2026 | 03 | 127 |
| 09 | 18 अप्रैल 2026 | - | 79 |
| | **कुल संख्या** | **564** | **406** |

NAAC Accredited with Grade A++ | Recognised as Category 1 University by UGC, MHRD | QS Asian University Rankings Asia 2025 : Southern Asia | 40 दीक्षान्त समारोह




**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति

**प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी**
प्रति कुलपति

**श्री राकेश कुमार मिश्र**
कुलसचिव

**श्री अशोक कुमार त्रिपाठी**
वित्त अधिकारी

**डा. प्रवीन कटियार**
समन्वयक, टीकाकरण



Website: www.csjmu.ac.in

X: /csjmuofficial

Facebook: /csjmuofficial

Instagram: /csjmuofficial